# राजस्थान सरकार

## निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर

ए-ब्लॉक, वित्त भवन, ज्योति नगर, जनपथ, जयपुर

क्रमांकः-एफ.2 (क) (K-363) अलेसे-।/1956 दिनांक- 05-02-2024

**आदेश**

निदेशालय के आदेश क्रमांक 49/2023-24 दिनांक 20.09.2023 द्वारा श्री किशन कुमार व्यास का स्थानान्तरण कार्यालय कोषालय, बीकानेर से निदेशालय, राजस्थान राज्य अभिलेखागार, बीकानेर में किया गया था, जिसकी अनुपालना में कोषाधिकारी, बीकानेर द्वारा श्री व्यास को दिनांक 06.10.2023 को कार्यमुक्त किये जाने के परिणामस्वरूप श्री व्यास द्वारा (दिनांक 06.10.2023 से 13.10.2023 तक चिकित्सा अवकाश एवं दिनांक 14.10.2023 व 15.10.2023 के राजपत्रित अवकाश के पश्चात्) दिनांक 16.10.2023 को निदेशालय, अभिलेखागार, बीकानेर में अपनी उपस्थिति प्रस्तुत की गयी थी, परन्तु तत्समय चुनाव आदर्श आचार संहिता लगने के कारण निदेशक, राजस्थान राज्य अभिलेखागार, बीकानेर द्वारा श्री व्यास की उपस्थिति स्वीकार करने के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी, बीकानेर एवं इस निदेशालय से मार्गदर्शन चाहने के क्रम में इस निदेशालय के आदेश क्रमांक 1384 दिनांक 30.10.2023 के द्वारा श्री व्यास को आदेशो की प्रतीक्षा में लिया जाकर मुख्यालय कोषालय, बीकानेर किया गया था। इस प्रकार श्री व्यास दिनांक 06.10.2023 से 13.10.2023 तक चिकित्सा अवकाश एवं दिनांक 14.10.2023 व 15.10.2023 के राजपत्रित अवकाश के पश्चात् दिनांक 16.10.2023 से 29.10.2023 तक निदेशालय, अभिलेखागार, बीकानेर में उपस्थित उक्त अवधि का वेतन आहरण नहीं हो सका है।

अतः श्री किशन कुमार व्यास, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड-। को चिकित्सा प्रमाण पत्र के आधार पर दिनांक 06.10.2023 से 13.10.2023 तक कुल 08 दिवस का रूपान्तरित अवकाश (दिनांक 14.10.2023 एवं दिनांक 15.10.2023 का राजपत्रित अवकाश सम्मलित कर) स्वीकृत किया जाकर निम्नांकित कॉलम संख्या 04 में अंकित अवधि के वेतन का भुगतान कॉलम संख्या 05 में अंकित कार्यालय से आहरण की स्वीकृति एतद् द्वारा प्रदान की जाती हैः-

| क्र.सं. 1. | लिंक नम्बर 2. | नाम/पदनाम 3. | अवधि/माह जिसका वेतन भुगतान किया जाना है। 4. | विभाग/ कार्यालय जहां से वेतन भुगतान किया जाना है। 5. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 9451 | श्री किशन कुमार व्यास, स.ले.अ.-। | 06.10.2023 से 29.10.2023 तक | निदेशालय, राजस्थान राज्य अभिलेखागार, बीकानेर |

(भूपेश माथुर)
निदेशक एवं पदेन संयुक्त शासन सचिव

क्रमांकः-एफ.2 (क) (K-363) अलेसे-।/1956 दिनांक- 05.02.2024.

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है-**

1. पुरालेख अधिकारी, राजस्थान राज्य अभिलेखागार, बीकानेर
2. कोषाधिकारी, बीकानेर।
3. श्री किशन कुमार व्यास, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड-। कार्यालय राजस्थान राज्य अभिलेखागार, बीकानेर
4. उपनिदेशक (एसीपी) को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
5. निजी सचिव, निदेशक महोदय।
6. निजी पत्रावली/गार्ड फाइल

(राजेन्द्र प्रसाद रैगर)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक-।)